Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांकः प्रोरासिविवि / कुसका / 2025–1254 दिनांकः 05 अप्रैल, 2025

कार्यालय–ज्ञाप

उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः I / 925497 / 2025 / 70–2099 / 28 / 2024 दिनांक 01 अप्रैल, 2025 के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिए नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु पूर्व में निर्धारित समय–सारिणी सम्बन्धी शासनादेश दिनांक 09.10.2024, 27.12.2024 एवं 17.02.2025 को संशोधित करते हुए पुनः समय–सारिणी निर्धारित की गयी है, जिसे विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–प्रोरासिविवि / कुसका / 2025–1235 दिनांक 01 अप्रैल, 2025 के माध्यम से निर्गत किया जा चुका है। शासन द्वारा निर्धारित (संशोधित) समय–सारिणी के अनुसार 2025–26 में सम्बद्धता प्राप्त किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन किए जाने की अंतिम तिथि दिनांक 10 अप्रैल, 2025 तदुपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल ऑनलाइन गठित किए जाने की अंतिम तिथि 15.04.2025 व निरीक्षण मण्डल गठन के पश्चात् निरीक्षण कराए जाने एवं निरीक्षण आख्या ऑनलाइन किए जाने की अंतिम दिनांक 30 अप्रैल, 2025 निर्धारित है।

ऐसे समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय जिन्हें वांछित पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्राप्त हो चुकी है तथा सत्र 2025–26 में सम्बद्धता प्राप्त की जानी है तथा ऐसे पूर्व संचालित महाविद्यालय जिन्हें सत्र 2024–25 तक सम्बद्धता प्राप्त थी अथवा सत्र 2024–25 में सम्बद्धता–विस्तरण प्राप्त था एवं सत्र 2025–26 में नवीन / पूर्व संचालित पाठ्यक्रम संचालित करने के इच्छुक हों, वे सभी महाविद्यालय उपरोक्त संशोधित समय–सारिणी के अनुसार **सत्र 2025–26 में सम्बद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांकः 10 अप्रैल, 2025 तक अनिवार्य रूप से करें तथा** महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाले आवेदन की हार्डकापी में निरीक्षण कराये जाने हेतु दो तिथियों का भी अनिवार्यतः उल्लेख करें जिससे कि निरीक्षण मण्डल के गठन के समय ही निरीक्षण मण्डल के सदस्य–सचिव / सदस्यों से उक्त तिथियों में निरीक्षण किये जाने हेतु अनुरोध किया जा सके।

सत्र 2025–26 में बिना सम्बद्धता के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी तथा ससमय सम्बद्धता प्राप्त न होने एवं प्रवेश प्रतिबन्धित होने की दशा में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

नोटः समस्त नवीन / पूर्व संचालित महाविद्यालयों को यह निर्देशित किया जाता है कि नवीन पाठ्यक्रमों / विषयों के संचालनार्थ सम्बद्धता हेतु शासन के अनापत्ति / सम्बद्धता के पोर्टल **http://henoc.upsdc.gov.in** पर उपरोक्त समय–सारिणी के अनुसार दिनांक 10.04.2025 तक आवेदन करते हुए विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0–**registraraffiliation@prsuniv.ac.in** पर तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजय कुमार)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति जी।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज।
3. प्रभारी एजेन्सी को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त कार्यालय–ज्ञाप को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज ही तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव